Roll No. ....

Total No. of Pages : 4+1

Total No. of Questions : 13

उत्तरमध्यमा द्वितीयखण्ड

विषय कोड : 828

सामान्य हिंदी

षष्ठ प्रश्नपत्र

समय : 1½ घण्टे **पूर्णांक : 50**

निर्देश :–

(*i*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) प्रश्न के अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

(*iii*) प्रश्न को हल करने में सुस्पष्ट लेखन एवं मात्राओं का विशेष ध्यान रखिये।

(*iv*) वस्तुनिष्ठ प्रश्न सबसे पहले हल कीजिये।

1. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति दिये गये विकल्पों के आधार पर कीजिए : 1×4=4

(*i*) सूरदास...के अनन्य भक्त थे। (श्रीराम/श्रीकृष्ण)

(*ii*) "नर से नारायण" निबंध के लेखक...हैं।

(बाबू गुलाबराय/रामचन्द्र शुक्ल)

(*iii*) हिंदी साहित्य के विषय के आधार पर प्रमुख.......................................भेद हैं।

(दो/चार)

(*iv*) "नवरत्न" में...समास होता है। (द्विगु/द्वन्द्व)

2. सही विकल्प चुनकर लिखिये– 1×4=4

(*i*) "पत्र जो इतिहास बन गए" रचना किस विधा की है ?

(अ) कहानी (ब) पत्र

(स) कविता (द) निबन्ध

(*ii*) "यशोधरा की व्यथा" कविता के कवि कौन हैं ?

(अ) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' (ब) शिवमंगल सिंह 'सुमन'

(स) मैथिलीशरण गुप्त (द) सुभद्रा कुमारी चौहान

(*iii*) "अपेक्षा" शब्द का सही विलोम शब्द क्या है–

(अ) उपेक्षा (ब) आपेक्षा

(स) अनुपेक्षा (द) इनमें से कोई नहीं

(*iv*) चक्रव्यूह में कौन फँसा था ?

(अ) भीम (ब) अर्जुन

(स) द्रोणाचार्य (द) अभिमन्यु

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों का उत्तर एक-एक वाक्य में दीजिए– 1×4=4

(*i*) हमारा कल्याण किसमें है ?

(*ii*) जीवन के संघर्षों में क्या होना चाहिए ?

(*iii*) "बिखरे मोती" कहानी संग्रह की लेखिका कौन हैं ?

(*iv*) भास्कराचार्य ने किस सिद्धान्त की स्थापना की थी ?

(*v*) "ता" प्रत्यय का प्रयोग कर कोई **दो** शब्द बनाइये।

(*vi*) गीता की उक्ति क्या है ?

(*vii*) कोई **दो** मुहावरे या लोकोक्तियाँ लिखिये जो इस प्रश्न पत्र में न आये हों ?

(*viii*) "ठेस" कहानी के लेखक का क्या नाम है ?

4. आचार्य रामचन्द्र के अनुसार निबंध की परिभाषा लिखिये। द्विवेदी युग के **दो** निबंधकारों का नाम लिखिये। 2

अथवा

निबन्ध शैली के कितने प्रकार हैं ? उनके नाम लिखिये।

5. किस प्रकार की सेनो का चतुरंगिणी सेना कहा गया है ? 3

अथवा

यशोदा अपने आपको कृष्ण की धाय क्यों कहती हैं ?

6. निम्नलिखित पद्यांश की व्याख्या सन्दर्भ एवं प्रसंग सहित कीजिए– 3

"छिमा बड़ेन को चाहिए,
छोटन को उत्पात।
का रहीम हरि को घट्यो,
जो भृगु मारी लात॥

अथवा

"पशु नहीं, वीर तुम
समर-शूर क्रूर नहीं,
काल-चक्र में हो दबे,
आज तुम राज कुँवर-समर सरताज!

7. गांधी जी का शिक्षा के प्रति क्या दृष्टिकोण था ? 3

अथवा

हंसिनी ने प्रजा का राज स्थापित करने का कौनसा उपाय बताया ?

8. निम्नलिखित कथनों का भाव विस्तार से कीजिए (कोई **दो**) : 3

(*i*) "मैं भगवान की मरजी के खिलाफ काम नहीं करना चाहता।"

(*ii*) "यात्रा में पुस्तक, पुस्तक में यात्रा, यों यात्रा में यात्रा।"

(*iii*) "विश्व एक बौद्धिक समाज में परिवर्तित हो रहा है।"

9. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए– 3

"पुरुषत्व अभय का जनक है और देवत्व शांति का। अभय और शान्ति क़ा यह सुन्दर सम्मेलन ही मानवता के विकास की पुण्य भूमि है।"

अथवा

"भारत के पास कुछ ऐसी संपदाएँ तथा लाभ हैं जिनके बारे में विश्व के कुछ देश गर्व से दावा कर सकते हैं। हमें अपने गौरवशाली अतीत और वर्तमान योगदानों तथा अपने भविष्य की रूपरेखा बनाने के लिए प्राप्त प्रतिस्पर्धात्मक लाभ को पहचानना चाहिए।"

10. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर इसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

"यह संसार एक पुलिया है, इसके ऊपर से निकल जा, किन्तु इस पर घर बनाने का विचार मन में न ला। जो यहाँ एक घंटा भर भी ठहरने का इरादा करेगा, वह चिरकाल तक यहाँ ठहरने को उत्सुक हो जाएगा। सांसारिक जीवन तो एक घड़ी भर का ही है। उसे ईश्वर-स्मरण तथा भगवद् भक्ति में बिता। ईश्वरोपासना के अतिरिक्त सब कुछ व्यर्थ है, सब कुछ असार है।

प्रश्न—

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक बताइये। 1

(ii) घंटा भर भी ठहरने का इरादा करने से क्या होगा ? 1

(iii) उपर्युक्त गद्यांश का सारगर्भित सारांश कम से कम 15 शब्दों में लिखिये ? 1

11. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर इसके नीचे लिखे गये प्रश्नों के उत्तर स्वविवेक से दीजिए—

1×3=3

"यदि तुम अपनी अमित शक्ति को समझ
काम में लाते,
अनुपम चमत्कार अपना तुम देख
परम सुख पाते,
यदि उदीप्त हृदय में सच्चे सुख की
हो अभिलाषा,
वन में नहीं जगत में आकर करो
प्राप्ति की आशा।

प्रश्न—

(i) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

(ii) अमित शक्ति से कवि का क्या आशय है ?

(iii) सच्चा सुख कहाँ प्राप्त किया जा सकता है ?

12. अपने विद्यालय के प्राचार्य को निर्धन छात्र कोष पुस्तकालय से पुस्तकें प्राप्त करने विषयक प्रार्थना पत्र लिखिए। 5

अथवा

अपने जिले के जिलाधीश को परीक्षा समय में ध्वनि-विस्तारक यन्त्र पर प्रतिबन्ध लगाने हेतु आवेदन पत्र लिखिये।

13. (अ) निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग **250 शब्दों में रूपरेखा बनाकर** सारगर्भित निबंध लिखिये– 7

(*i*) प्रदूषण की समस्या और समाधान

(*ii*) इन्टरनेट का लाभदायक उपयोग

(*iii*) खेलों का महत्व

(*iv*) किसी रोचक यात्रा का वर्णन

(*v*) समय का सदुपयोग।

(ब) शेष विषयों में से किसी **एक** विषय की बिन्दुबार रूपरेखा लिखिये। 3